# University in News on 10 June 2022

THE PIONEER PAGE 3

## Mgmt students of LU taken on industrial visit

PNS ■ LUCKNOW

An industrial visit was organised for the students of MBA (F&A) batch (2021-2023) of Lucknow University's Commerce department under the leadership of head of the department Prof Audhesh Kumar.

The visit was organised by Dr Geetika T Kapoor to the production plant of Organic India Private Limited. The students were accorded a warm welcome by HR Gaurav Singh, factory manager Amit Langde, and company secretary Shantanu Shukla.

The students were informed about the two different production plants — organic tea production, including the different variants (tulsi), herbal supplements, and another one the Ayurveda (ashwagandha, Brahmi, bringraj, giloy). The students followed product manager Gopi Krishna Verma who gave knowledgeable input to them. The students were made aware of the blending, capsule formation (automated and semi-automated machine) working, usage, capacity, cost, and production based on on-demand, bottling procedure, storage system and warehousing. Finance executive Deepak Gupta interacted with the students and replied to their queries regarding GST refund on exports, budgeting procedures, costing techniques, coordination among teams, employee payroll etc.

Meanwhile, LU students have again maintained the dominance in the results declared by the Uttar Pradesh Higher Education Service Commission for the post of assistant professor. In the recently announced results, Ali Zafar of Urdu department, Mohd Razi, Imamuddin, Anjali Yadav of Philosophy department, Raghavendra Singh Yadav, Saurabh Ray of Medieval and Modern History department, and Deepak Kumar of Ancient Indian History department have been declared successful.

Simultaneously, Sarita Verma, Nishant Srivastava, Anchal Mishra and Saurabh Gupta of Sociology department and Prashant Saxena achieved success in the results declared for the post of lecturer for Government Inter College. These students are selected on the basis of state-level written examination and interview.

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

## लविवि : खिलाड़ियों को अब पहले से दोगुना भत्ता मिलेगा

### वित्त समिति के बाद कार्यपरिषद से भी अनुमोदन

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने अपने खिलाड़ियों के खर्च का बजट दोगुना कर दिया है। खिलाड़ियों को अब पहले के मुकाबले खाने-पीने, रोजमर्रा खर्च आदि का भत्ता दोगुना मिलेगा। प्राइज मनी को भी बढ़ा दिया गया है। वित्त समिति के अनुमोदन के बाद विवि की कार्यसमिति ने भी इस पर मुहर लगा दी है।

लखनऊ यूनिवर्सिटी एथलेटिक एसोसिएशन के चेयरमैन संजय मेधावी ने बताया कि अब खेल के बजट पर ज्यादा खर्च किया जाएगा। खिलाड़ियों को मिलने वाले शुल्क को भी दोगुना कर दिया गया है। खिलाड़ियों के प्रदर्शन में गुणवत्ता लाने और खेल को संवारने के लिए यह कदम उठाया गया है। स्पोर्ट्स किट के लिए अब प्रति खिलाड़ी 2000 रुपये खर्च किए जाएंगे। पहले यह दर 1050 रुपये थी। खिलाड़ियों के सिलेक्शन व ट्रायल के एक्सपर्ट का मानदेय 500 रुपये से बढ़ाकर 800 रुपये कर दिया गया है। अन्य बाकी मदों में भी बढ़ोतरी की गई है।



### पंजीकरण शुल्क भी बढ़ाया

पंजीकरण के लिए अब खिलाड़ियों को 85 की बजाय 100 रुपये देना होगा, जबकि प्रोविजनल सर्टिफिकेट के लिए 25 की बजाय 30 रुपये देना होगा।

**इंटर यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट में मेडल जीतने पर खिलाड़ियों को मिलने वाली प्राइज मनी**

| | |
|---|---|
| व्यक्तिगत गोल्ड मेडल | 5000 रुपये |
| टीम गोल्ड मेडल | 25000 रुपये |
| व्यक्तिगत सिल्वर मेडल | 3000 रुपये |
| टीम सिल्वर मेडल | 15000 रुपये |
| व्यक्तिगत ब्रॉन्ज मेडल | 2000 रुपये |
| टीम ब्रॉन्ज मेडल | 10,000 रुपये |

**इन मदों में हुई बढ़ोतरी**

| मद | पुराना शुल्क | नया शुल्क |
|---|---|---|
| खिलाड़ियों का डीए (प्रतिदिन) | 200 रुपये | 400 रुपये |
| मैच के बाद रिफ्रेशमेंट | 25 रुपये प्रति हेड | 50 रुपये प्रति हेड |
| मैनेजर का डीए | 500 रुपये प्रति दिन | 900 रुपये प्रति दिन |
| कोच का डीए | 300 रुपये प्रति दिन | 500 रुपये प्रति दिन |
| खिलाड़ियों के आकस्मिक खर्चे | 50 रुपये प्रति हेड | 100 रुपये प्रति हेड |

### लखनऊ विवि देगा विधिक परामर्श

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के नवीन कैंपस के विधि संकाय में पारिवारिक मामले व महिला सशक्तीकरण केंद्र की विधिवत स्थापना की गई। संकाय के अधिष्ठाता व विभागाध्यक्ष प्रो. सीपी सिंह ने इसका उद्घाटन करते हुए बताया कि निदेशक प्रो. राकेश कुमार सिंह की अगुवाई में केंद्र भविष्य में जन कल्याण के कई कार्य करेगा। उन्होंने बताया कि जनमानस की सहायता के लिए रोजाना केंद्र शाम चार बजे से पांच बजे तक खुला रहेगा। इसके अलावा ऑनलाइन विधिक परामर्श के लिए प्रो. राकेश कुमार सिंह के मोबाइल 9415027528 पर संपर्क साधा जा सकता है। वहीं, कृषि भूमिक के उत्तराधिकार संबंधी मामलों में परामर्श के लिए अधिष्ठाता के मोबाइल नंबर 9450901400 पर संपर्क साधा जा सकता है। (माई सिटी रिपोर्टर)

### चार छात्रों का सहायक प्रोफेसर के पद पर चयन

लखनऊ। उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा सेवा आयोग की ओर से घोषित सहायक प्रोफेसर के लिए परीक्षा परिणाम में लखनऊ विश्वविद्यालय के मेधावी छात्रों का सफलता हासिल करने का क्रम जारी है। मनोविज्ञान विभाग के चार छात्रों का चयन असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर हुआ है। इनमें सोनम रावत ने पांचवीं, स्मिता वर्मा ने छठीं, जितेंद्र कुमार पटेल ने छठीं और विनय कुमार ने 12वीं रैंक अर्जित की है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बधाई दी है। (माई सिटी रिपोर्टर)

HINDUSTAN PAGE 6 & 8

## एलयू ने खेल भत्ता दोगुना बढ़ाया

**सौगात**



लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने अपने खिलाड़ियों को दिए जाने वाले भत्तों में करीब दो गुना इजाफा किया। साथ ही अंतर विश्वविद्यालय खेल प्रतियोगिताओं में पदक विजेताओं के लिए पांच से लेकर 15 हजार रुपये तक पुरस्कार देने का फैसला किया है।

लखनऊ विश्वविद्यालय एथलेटिक एसोसिएशन के चेयरमैन संजय मेधावी ने बताया कि खिलाड़यिों का दैनिक भत्ता 200 से बढ़ाकर 400 रुपये, मैच के बाद जलपान के लिए 25 से बढ़ाकर 50 रुपये, टीम मैनेजर का दैनिक भत्ता 500 से बढ़ाकर 900 रुपये, प्रशिक्षक का दैनिक भत्ता 300 से बढ़ाकर 500 रुपये कर दिया गया है। साथ ही इंसीडेंटल खर्च 50 से बढ़ाकर 100 रुपये कर दिया गया है।

साथ ही अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ी और टीमों को भी नगद पुरस्कार देने का फैसला किया। व्यक्तिगत स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीतने वाले को 5000 रुपये, रजत पदक जीतने वाले को 3000 और कांस्य पदक जीतने वाले को 2000 रुपये का नगद पुरस्कार दिया जाएगा। वही टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम को 25000, रजत पदक जीतने वाली टीम को 15000 और कांस्य पदक जीतने वाली टीम को 10000 रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा।

**प्रोविजनल सर्टिफिकेट के 30 रुपये देने होंगे:** खिलाड़ियों को प्रोविजनल सर्टिफिकेट के लिए 25 के बजाय 30 रुपये और पंजीकरण शुल्क के रूप में 85 की जगह 100 रुपये देने होंगे। खेलों के ट्रायल के लिए आमंत्रित खेल विशेषज्ञों को 500 के बजाय अब 800 रुपये प्रतिदिन दिए जाएंगे।

## एलयू के छात्र सहायक प्रोफेसर बने

लखनऊ। उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा सेवा आयोग द्वारा सहायक प्रोफेसर के घोषित परिणामों में लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों ने सफलता का सिलसिला जारी रखा है। इसी क्रम में मनोविज्ञान विभाग से सोनम रावत, जितेन्द्र कुमार पटेल, स्मिता वर्मा एवं विनय कुमार का चयन असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर हुआ है। सफल छात्रों का नाम चयन सूची के शीर्ष स्थान छात्रों में शामिल है।

## एलयू के विधि संकाय में विधिक सहायता मिलेगी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय में पारिवारिक मामले एवं महिला सशक्तिकरण केंद्र की विधिवत स्थापना गुरुवार को की गई। केंद्र का उद्घाटन विधि संकाय के विभागाध्यक्ष प्रो. सीपी सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि केंद्र के निदेशक प्रो. राकेश कुमार सिंह की अगुवाई में केंद्र भविष्य में जन कल्याण के कार्य करेगा। ये केंद्र जनमानस को विधिक सहायता देने के लिए प्रतिदिन शाम चार से पांच बजे तक खुलेगा।

PIONEER PAGE 3

## एलयू में खिलाड़ियों के भत्ते में वृद्धि

लखनऊ। लविवि प्रशासन ने खिलाड़ियों को दिए जाने वाले भत्ते में वृद्धि कर दी है। साथ ही अंतर विश्वविद्यालय खेल प्रतियोगिताओं में पदक विजेताओं के लिए पांच से लेकर 15 हजार रुपये तक पुरस्कार देने का निर्णय लिया है। लाविवि एथलेटिक एसोसिएशन के चेयरमैन संजय मेधावी ने बताया कि खिलाड़ियों का दैनिक भत्ता 200 से बढ़ाकर 400 रुपये, मैच के बाद जलपान के लिए 25 से बढ़ाकर 50 रुपये, टीम मैनेजर का दैनिक भत्ता 500 से बढ़ाकर 900 रुपये, प्रशिक्षक का दैनिक भत्ता 300 से बढ़ाकर 500 रुपये कर दिया गया है। साथ ही इंसीडेंटल खर्च 50 से बढ़ाकर 100 रुपये कर दिया गया है। साथ ही अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ी और टीमों को भी नगद पुरस्कार देने का फैसला किया गया है। व्यक्तिगत स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीतने वाले को 5000 रुपये, रजत पदक जीतने वाले को 3000 और कांस्य पदक जीतने वाले को 2000 रुपये का नगद पुरस्कार दिया जाएगा। वही टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम को 25000, रजत पदक जीतने वाली टीम को 15000 और कांस्य पदक जीतने वाली टीम को 10000 रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। खिलाड़ियों को प्रोविजनल सर्टिफिकेट के लिए 25 के बजाय 30 रुपये और पंजीकरण शुल्क के रूप में 85 की जगह 100 रुपये देने होंगे। खेलों के ट्रायल के लिए आमंत्रित खेल विशेषज्ञों को 500 के बजाय अब 800 रुपये प्रतिदिन दिए जाएंगे।

JAGRAN CITY PAGE III

## लवि ने दोगुणा किया अपने खिलाड़ियों का भत्ता

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय (लवि) ने अपने खिलाड़ियों को दिए जाने वाले भत्ते को दोगुणा कर दिया है। बीते 10 साल से इसे नहीं बढ़ाया गया था। इसके अलावा अब स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक जीत कर आने वाले खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। लखनऊ यूनिवर्सिटी एथलेटिक एसोसिएशन की ओर से भेजे गए प्रस्ताव पर वित्त समिति और कार्य परिषद से मंजूरी मिल गई है। इस फैसले से करीब 800 खिलाड़ियों को फायदा होगा।

एसोसिएशन के चेयरमैन संजय मेधावी ने बताया कि पहले प्रत्येक खिलाड़ी को डीए के रूप में 200 रुपये प्रतिदिन दिया जाता था। अब इसे बढ़ाकर 400 रुपये कर दिया गया है। इसी तरह मैच के बाद नाश्ते के लिए 25 रुपये की जगह 50 रुपये, टीम मैनेजर का डीए 500 रुपये प्रतिदिन से 900 रुपये, कोच का 300 रुपये से 500 रुपये प्रतिदिन हो गया है। इसी तरह खिलाड़ियों को दी वाली किट के लिए 1050 रुपये प्रति खर्च होता था। अब इसे बढ़ाकर 2000 कर दिया है। किसी भी खिलाड़ी छात्र को प्रोविजनल प्रमाण पत्र लेने के लिए 25 की जगह अब 30 रुपये और पंजीकरण फीस 85 रुपये की जगह 100 रुपये देने होंगे। ट्रायल के लिए आने वाले विशेषज्ञ को 500 रुपये प्रतिदिन की जगह 800 रुपये दिए जाएंगे। इंटर यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट में यदि कोई भी खिलाड़ी स्वर्ण पदक जीत कर आता है तो उसे 5000 रुपये, रजत पदक पर तीन हजार और कांस्य पदक जीतने पर दो हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। पूरी टीम के स्वर्ण पदक जीतने पर 25,000 रुपये, रजत पर 15,000 और टीम के कांस्य पदक जीतने पर 10,000 रुपये दिए जाएंगे। संजय मेधावी ने बताया कि यह पुरस्कार हर साल 26 जनवरी और 15 अगस्त को दिए जाएंगे।

**पारंपरिक खेलों को शुरू कराएंगे :** अब विश्वविद्यालय दौड़, बाधा दौड़, रस्सी कूद, भाला फेंक, खो-खो, रस्साकसी, कुश्ती आदि खेल भी आयोजित किए जाएंगे।

**महिला सशक्तीकरण केंद्र से ले सकेंगे निश्शुल्क परामर्श :** लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय में पारिवारिक मामले एवं महिला सशक्तीकरण केंद्र की स्थापना गुरुवार को हुई। इसका उद्घाटन विधि संकाय के अधिष्ठाता एवं विभागाध्यक्ष प्रो. सीपी सिंह ने किया। केंद्र के निदेशक प्रो.राकेश कुमार सिंह ने बताया कि जनमानस को सहायता देने के लिए केंद्र प्रतिदिन शाम चार से पांच बजे तक खुलेगा। जो भी व्यक्ति विधिक सहायता लेना चाहते हैं, वह आ सकते हैं। परामर्श की सुविधा मोबाइल नंबर 9415027528 पर भी उपलब्ध रहेगी। इसके अलावा कृषि भूमि के उत्तराधिकार संबंधी किसी प्रश्न के बारे में परामर्श के लिए मोबाइल नंबर 9450901400 पर संपर्क किया जा सकता है।

### स्नातक के परिणाम जारी नहीं, विद्यार्थी परेशान

लखनऊ विश्वविद्यालय ने एलएलबी सहित स्नातक (एनईपी) प्रथम सेमेस्टर परीक्षाएं अप्रैल में पूरी करा ली थीं। अब अगले सेमेस्टर के लिए आनलाइन परीक्षा फार्म की तिथि भी तय कर दी है। लेकिन अभी ज्यादातर प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम जारी नहीं किए गए। इसको लेकर छात्र-छात्राएं परेशान हैं। उनका कहना है कि परीक्षा फार्म भरने के लिए अंक अपलोड करने का विकल्प आ रहा है। ऐसे में फार्म कैसे भरा जाए। लवि ने पिछले कुछ दिनों में कई पाठ्यक्रमों के परिणाम जारी किए। लेकिन सबसे ज्यादा विद्यार्थियों को प्रथम सेमेस्टर के परिणाम का इंतजार है। इसकी देरी की वजह को-करिकुलर विषयों की कापियां जांचना है। पांचों जिलों से करीब एक लाख 30 हजार विद्यार्थियों की कापियों के मूल्यांकन की प्रक्रिया चल रही है। इसके लिए शिक्षकों की कमी होने की बात सामने आई है।



को-करिकुलर विषयों की कापियां जांचने में परीक्षकों की थोड़ी कमी है। फिर भी मूल्यांकन जारी है। प्रथम सेमेस्टर के परिणाम जारी होने में एक सप्ताह का समय लगेगा। दूसरे सेमेस्टर के परीक्षा फार्म भरने के विस्तृत निर्देश दिए गए हैं। छात्रों को परेशान होने की जरूरत नहीं है।

**विद्यानंद त्रिपाठी**, परीक्षा नियंत्रक, लखनऊ विश्वविद्यालय

### परास्नातक कोर्सों में आवेदन का आखिरी मौका आज

लवि के परास्नातक पाठ्यक्रमों में एक महीने से चल रही आनलाइन आवेदन प्रक्रिया में आवेदन का आखिरी मौका 10 जून को है, लेकिन अभी स्नातक अंतिम वर्ष के कई परिणाम घोषित नहीं हुए हैं। इसलिए विश्वविद्यालय प्रशासन आवेदन की तिथि बढ़ाने पर विचार कर रहा है। लवि में स्नातक पाठ्यक्रमों में आवेदन के लिए 31 मई तक मौका था। इंटर की परीक्षाएं संचालित होने और परिणाम न आने की वजह से बीते दिनों इसकी तिथि बढ़ाकर 20 जून कर दी गई थी। वहीं, परास्नातक में एमए, एमएससी, एमकाम, मास्टर्स, एमवीए, एमएफए, एलएलबी, एलएलएम, एमटीटीएम पाठ्यक्रमों में प्रवेश फार्म भरने की तिथि 10 जून तक की गई है। प्रवेश समन्वयक का कहना है कि आवेदन का एक और मौका देने पर विचार हो रहा है।

### चार और विद्यार्थी बने सहायक प्रोफेसर

लखनऊ : उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा सेवा आयोग की ओर से सहायक प्रोफेसर के घोषित परिणामों में लखनऊ विश्वविद्यालय के चार और विद्यार्थियों का चयन हुआ है। इनमें मनोविज्ञान विभाग से सोनम रावत पांचवीं रैंक, जितेंद्र कुमार पटेल और स्मिता वर्मा छठी रैंक तथा विनय कुमार को 12वीं रैंक मिली है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय और अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन ने सभी को बधाई दी है। (जासं)

SWATANTRA BHARAT PAGE 5

## लविवि में की गई पारिवारिक एवं महिला सशक्तिकरण केंद्र की स्थापना

स्वतंत्र भारत, संवाददाता, लखनऊ। विधि संकाय में पारिवारिक मामले एवं महिला सशक्तिकरण केंद्र की विधिवत स्थापना की गई। केंद्र का उद्घाटन विधि संकाय के अधिष्ठाता एवं विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सीपी सिंह ने किया। इस अवसर पर आई एम एस की डायरेक्टर प्रोफेसर विनीता कोचर, केंद्र के डायरेक्टर प्रोफेसर राकेश कुमार सिंह, लखनऊ विश्वविद्यालय द्वितीय परिसर के निदेशक प्रोफेसर बंशीधर सिंह, लीगल सेल के निदेशक प्रोफेसर आनंद कुमार विश्वकर्मा सहित संकाय के अनेक शिक्षक उपस्थित थे। केंद्र का उद्घाटन कर प्रोफेसर सीपी सिंह ने कहा कि केंद्र के निदेशक प्रोफेसर राकेश कुमार सिंह की अगुवाई में केंद्र भविष्य में जन कल्याण के बहुत से कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र ने अब तक पांच कार्यशाला आयोजित हुई है जिनमें पारिवारिक मामलों से संबंधित उदाहरणार्थ विवाह, विवाह विच्छेद, महिलाओं के भरण पोषण, उत्तराधिकार से संबंधित विधियों के बारे में छात्र-छात्राओं को जानकारी दी गई। केंद्र द्वारा उन सभी लोगों को विधिक परामर्श दिया गया, जिस ने केंद्र से मोबाइल द्वारा या केंद्र में उपस्थित होकर सलाह मांगी। इससे पूर्व महिला सशक्तिकरण पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया था जिसमें ग्रामीणों को विधवा पेंशन योजना , बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ , आयुष्मान भारत सहित और कई सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत से गांव वालों को जानकारी दी गई थी। जनमानस को सहायता देने के लिए केंद्र प्रतिदिन रहता है। जिस किसी भी व्यक्ति को कोई भी विधिक सहायता लेनी हो तो वह निर्धारित समय पर आकर समस्या के मुताबिक परामर्श ले सकता है। इसके अतिरिक्त यदि कोई व्यक्ति ऑनलाइन परामर्श लेना चाहता है तो वह केंद्र के निदेशक प्रोफेसर राकेश कुमार सिंह के मोबाइल नंबर 94 150 27 528 पर कॉल करके परामर्श ले सकता है। इसके अतिरिक्त कृषि भूमि के उत्तराधिकार संबंधी किसी प्रश्न के बारे में यदि कोई परामर्श लेनी हो तो वह अधिष्ठाता विधि संकाय के मोबाइल नंबर 94 50 90 1400 पर कॉल करके कृषि भूमि से संबंधित उत्तराधिकार के बारे में अपनी समस्या के निस्तारण के लिए ऑनलाइन परामर्श ले सकता है।

i-NEXT PAGE 4

## एलयू के स्टूडेंट्स की शानदार उपलब्धि

**LUCKNOW :** यूपी उच्च शिक्षा सेवा आयोग की ओर से सहायक प्रोफेसर के घोषित परिणामों में लखनऊ यूनिवर्सिटी के चार और स्टूडेंट्स का चयन हुआ है. इनमें मनोविज्ञान विभाग से सोनम रावत पांचवी रैंक, जितेंद्र कुमार पटेल और स्मिता वर्मा छठी रैंक तथा विनय कुमार को 12वीं रैंक मिली है. वीसी प्रो. आलोक कुमार राय और डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. पूनम टंडन ने स्टूडेंट्स को बधाई दी है.